तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 अर्नब का असरः कोरिया-एमसीबी के स्कूल-आंगनबाड़ी केंद्र आज रहेंगे बंद



खबर संक्षेप

बाबा कार्तिक उरांव चौक का लोकार्पण आज

अंबिकापुर। चक्रवाती तूफ़ान के कारण सरगुजा में सीएम विष्णुदेव साय का दौरा कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। सीएम 29 अक्टूबर को बाबा कार्तिक उरांव चौक के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। सीएम श्री साय इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल होंगे इसके साथ ही इस कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री व आदिवासी नेता राम विचार नेताम शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर नगर निगम व आयोजन समिति द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से उरांव समाज के लोग शामिल होंगे। बता दें कि महापौर श्रीमती मजुषा भगत की पहल पर नगर निगम में प्रदेश के पहले कार्तिक उरांव चौक की स्थापना की गई है और 29 अक्टूबर को उनके जन्म दिवस के अवसर पर चौक और प्रतिमा का अनावरण किया जाना है।

अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। फांसी लगाने तथा पेड़ से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दर्रीपारा निवासी रोशन विश्वकर्मा आ. स्व. सुदर्शन विश्वकर्मा (34 वर्ष) बीती रात घर के कमरे में लोहे के पाइप के सहारे साड़ी से फांसी लगा लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को फांसी से उतार कर तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में ग्राम मरवाही निवासी संतोष बैगा आ. स्व. राम रतन बैगा (36 वर्ष) पिछले छह माह से बिजुरी अंतर्गत ग्राम थान निवासी जीजा के यहां रह रहा था। 25 अक्टूबर को जंगल में महुआ पेड़ पर चढ़कर लकड़ी काट रहा था। इसी दौरान अचानक पेड़ से गिर गया और पेड़ के समीप गड्ढे में चला गया। इधर परिवार के ही लड़की अपने पड़ोसी के साथ नदी किनारे शौच करने गई तो गड्ढे में शोर मचा रहे संतोष को गंभीर हालत में देखा। लड़कियों ने घटना की जानकारी जीजा को दी। परिजन उसे घर लेकर आ गए और दूसरे दिन मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेपर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

बाजार से चोरों ने पार की बाइक, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। लखनपुर बाजार में खरीदारी करने गए ग्रामीण की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कटिन्दा निवासी परमेश्वर राजवाड़े आ. सागर साय राजवाड़े 14 अक्टूबर को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 5257 से लखनपुर बाजार खरीदारी करने गया गया। ग्रामीण बाइक को लखनपुर तालाब के समीप खड़ा कर बाजार में सामान लेने चला गया और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो गत दिन बाइक चोरी होने की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(बी) के तहत अपराध दर्ज किया है।

पैतृक ग्राम चिरई में स्थापित हुई स्व. लरंग साय की प्रतिमा, सीएम ने वर्चुअल माध्यम से किया अनावरण

काका लरंग साय की सादगी और ईमानदारी आज भी मिसाल : साय



लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर/शंरकगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि लरंग साय की सादगी और ईमानदारी आज भी मिसाल है। उन्होंने पूरे समर्पण के साथ क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया, किंतु उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाया, जिसके वे सच्चे हकदार थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें तेजतर्रार और स्पष्टवादी आदिवासी नेता बताते हुए कहा कि एक साधारण शिक्षक से केंद्रीय मंत्री बनने तक का उनका सफर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।

खास बातें
- जिलेवासियों को 202 करोड़ रूपए की सौगात
- मुख्यमंत्री ने की तीन बड़ी घोषणाएं : शंकरगढ़ में विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार, चांदों में सामुदायिक भवन और लरंग साय प्रतिमा के समीप बनेगा स्मृति द्वार

श्री साय अविभाजित सरगुजा के विकास पुरुष कहे जाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय लरंग साय के पैतृक गांव शंकरगढ़ के जशवंतपुर अंतर्गत ग्राम चिरई में आयोजित भव्य प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को वर्चुअल रूप से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 28 अक्टूबर 1938 को जन्मे लरंग साय ने शिक्षक के रूप में जनसेवा आरंभ की और 1967 में सामरी विधानसभा क्षेत्र से विजयी होकर राजनीति में कदम रखा। अविभाजित मध्यप्रदेश में राज्य मंत्री रहने के बाद 1977 में वे सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से निर्वाचित होकर मोरारजी देसाई सरकार में श्रम एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री बने। केंद्र सरकार में मंत्री बनने वाले पहले आदिवासी नेताओं में उनकी गिनती होती है। वर्ष 1980 में वे पुनः विधायक तथा 1989 और 1998 में सरगुजा से सांसद चुने गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी उत्थान, शिक्षा तथा बुनियादी ढांचे के विकास में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि लरंग साय ऐसे जननेता थे, जिन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और सरगुजा अंचल की आवाज़ को दिल्ली तक पूरी मजबूती से पहुंचाया। उन्होंने कहा कि जिस दौर में वनांचल तक सड़क, पुल और रेल की कल्पना कठिन थी, उस समय उन्होंने इन मांगों को संघर्ष के साथ आगे बढ़ाया। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि लरंग साय ने हमेशा अंतिम व्यक्ति के हित को प्राथमिकता दी और उनकी प्रतिमा अनावरण के अवसर पर बालभोग कार्यक्रम का शुभारंभ उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि सामरी क्षेत्र के लिए यह गौरव का क्षण है कि यहीं से राजनीतिक यात्रा आरंभ करने वाले लरंग साय की प्रतिमा उनकी जन्मभूमि में स्थापित ⏭शेष पेज 4 पर



2009 विकास कार्यों की सौगात

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में कुपोषण मुक्त अभियान के अंतर्गत 'बालभोग' कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया। इस कार्यक्रम के तहत शंकरगढ़ विकासखंड के 967 कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिदिन श्रीअन्न, रागी और सूखे मेवों से बना 30 ग्राम पौष्टिक लड्डू खिलाएगी। इसके साथ ही सीएम ने जिलेवासियों को 202 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत के 2009 विकास कार्यों की सौगात दी, जिनमें 156 करोड़ 68 लाख रूपए के 1863 कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास तथा 45 करोड़ 97 लाख रुपये के 146 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री जिले को दी 232 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

हर क्षेत्र में विकास की नई संभावनाओं को साकार करना हमारा संकल्प

सूरजपुर/प्रेमनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारी सरकार सरगुजा और बस्तर सहित प्रदेश के सभी क्षेत्रों में

- प्रेमनगर नपं के लिए 2.70 करोड़ रूपए के अतिरिक्त विकास कार्यों की घोषणा
- एक करोड़ रुपये से डोम निर्माण, इंडोर स्टेडियम के लिए 50 लाख

विकास की नई संभावनाओं को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। हमारा संकल्प है कि विकास की रोशनी प्रदेश के अंतिम गांव तक पहुंचे और प्रत्येक नागरिक को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। सीएम श्री साय जिले के प्रेमनगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम श्री साय ने जिलेवासियों को 232 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रेमनगर नगर पंचायत में 2 करोड़ 70 लाख रुपये के अतिरिक्त विकास कार्यों की घोषणा भी की। सीएम ने प्रेमनगर नपं में मंगल भवन के पास डोम निर्माण के लिए एक करोड़ रूपए, इंडोर स्टेडियम के लिए 50 लाख रूपए तथा वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 12 से विश्रामगृह तक लगभग दो किलोमीटर बीटी सड़क निर्माण के लिए एक करोड़ 20 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। क्षेत्र की आवश्यकताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा रखी गई माँगों के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जल संचय जनभागीदारी अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने पर सूरजपुर जिले के नागरिकों, कलेक्टर और जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि इस अभियान में सूरजपुर जिला प्रदेश में प्रथम और देश में चौथे स्थान पर है। यह उपलब्धि जनभागीदारी, जागरूकता और प्रशासन के समर्पित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित अधोसंरचना विकास के 2,212 कार्यों पर लगभग 130 करोड़ 56 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे। कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश, विशेषकर सरगुजा संभाग के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई गति मिली है। सूरजपुर जिला प्राकृतिक सुंदरता और संसाधनों से समृद्ध है तथा यहां विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से प्रत्येक ग्राम पंचायत की आवश्यकताओं के अनुरूप प्राथमिकता तय कर विकास कार्य स्वीकृत करने का आग्रह किया। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास और जनकल्याण के कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। राज्य सरकार की योजनाओं ⏭शेष पेज 4 पर



मौसम के कारण नहीं पहुंचे सीएम

जिले के प्रेमनगर और बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ में सीएम का कार्यक्रम प्रस्तावित था। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूर्ण हो गई थी लेकिन चक्रवाती तूफान अर्नब के कारण सीएम का आगमन संभव नहीं हुआ। सीएम ने प्रतिकूल मौसम के कारण कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच पाने पर क्षेत्रवासियों से खेद व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे प्रेमनगर के लोगों से प्रत्यक्ष मुलाकात करने के लिए उत्सुक थे, लेकिन मौसम की बाधा के कारण ऐसा संभव नहीं हो सका। उन्होंने कार्यक्रम की बेहतर तैयारियों के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्रेमनगर अपने नाम के अनुरूप प्रेम और आत्मीयता से भरे लोगों का क्षेत्र है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित हम सभी यहां आकर क्षेत्रवासियों से मिलना चाहते थे, लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच सके।

प्राचार्य ने स्कूल में बच्चों को बांटी आशाराम बापू की किताब, लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर स्थित सेजेस स्कूल से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। प्राचार्य ने स्कूल में बच्चों को आशाराम बापू की किताब बंटवा दी।

- सेजेस रघुनाथनगर का मामला, डीईओ ने दिए जांच के निर्देश

प्राचार्य द्वारा बच्चों को संस्कार सरिता नामक किताब बांटी गई जिसमें आशाराम बापू का महिमा मंडन किया गया था। किताब की जानकारी मिलने के बाद अभिभावकों में रोष का माहौल है और लोगों ने इस मामले में प्राचार्य के ऊपर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इधर इस मामले में डीईओ बलरामपुर ने बीईओ को जांच के निर्देश दिए है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्राचार्य श्री प्रजापति द्वारा बच्चों को संस्कार सरिता नाम की किताब बांटी की गई है। किताब मूल रूप से आशाराम बापू पर आधरित है और किताब में सिर्फ और सिर्फ आशाराम का ही महिमा मंडन किया गया है। स्कूल में किताब बांटने की जानकारी मिलने के बाद अभिभावकों में रोष का माहौल है और उन्होंने घटना की शिकायत उच्च अधिकारियों से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि आशाराम बापू संगीन अपराधों के मामले में जेल में बंद व्यक्ति है और प्राचार्य द्वारा बच्चों को बांटी गई किताब आशाराम बापू की प्रचार सामग्री है या उनके अनुयायी होने का ज्ञान देती है। इस तरह के व्यक्ति की किताब स्कूल में वितरित कर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया है और उन्हें महा पुरुष बताने का प्रयास किया गया है। लोगों ने पाठ्यक्रम से अलग किताब का वितरण किए जाने पर प्राचार्य के खिलाड़ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

की जाएगी कार्रवाई

मामला संज्ञान में आया है। स्कूल में आशाराम बापू की किताब वितरित की गई। इस संबंध में बीईओ से रिपोर्ट मंगवाई गई है इसके साथ ही उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-नरेंद्र निरापुरे
डीईओ बलरामपुर

डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार गिरा खाई में, गंभीर



लखनपुर। कुंवरपुर मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब युवक की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद युवक बाइक सहित लगभग 20-25 फीट नीचे खाई में जा गिरा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम जुड़वानी नवापारा निवासी अतुल पैकरा आ. नवरंग राम (23 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 29 एडी 2955 से लखनपुर की ओर से अपने घर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार कुंवरपुर मोड़ के समीप पहुंचा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक बाइक समेत सड़क से नीचे खाई में गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विक्रम सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

दोष सिद्ध होने पर प्रधान पाठक को किया गया बर्खास्त


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गंभीर अपराध के मामले में कोर्ट से सजा सुनाए जाने के बाद निलंबित किए गए प्रधान पाठक को कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ ने बर्खास्त कर दिया गया है।

- जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया आदेश

इसके साथ ही विभागीय कार्य में लेट लतीफी और समय पर कार्रवाई नहीं किए जाने के मामले में बीईओ और बीआरसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बता दे कि विकासखंड उदयपुर के शासकीय प्राथमिक शाला पेण्डरखी के प्रधान पाठक विजय कुमार यादवके विरुद्ध थाना मणीपुर में पंजीबद्ध अपराध में पंचम अपर सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर द्वारा पारित निर्णय के तहत भारतीय दंड विधान की धारा 148, 323/149 (4 बार) तथा धारा 307/149 भादंवि के तहत घातक हथियार से जानलेवा हमला एवं हत्या का प्रयास के गंभीर व जघन्य अपराधों में दोषसिद्ध पाते हुए अधिकतम 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। उक्त निर्णय के परिपालन में विजय कुमार यादव 3 जनवरी से 9 अक्टूबर तक केंद्रीय जेल अम्बिकापुर में सजा भुगतने हेतु निरूद्ध रहे हैं। जारी आदेश में बताया गया है कि विजय कुमार यादव का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के सर्वथा विपरीत होकर अक्षम्य कदाचरण है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311(2) के द्वितीय परंतु (ए) तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 19 (i) के तहत यह स्पष्ट विधिक प्रावधान है कि दांडिक न्यायालय द्वारा आपराधिक आरोप में दोषसिद्ध शासकीय सेवक के विरुद्ध केवल उस आचरण के आधार पर जिस पर दोषसिद्धि हुई है, सीधे सेवा समाप्ति की शास्ति अधिरोपित की जा सकती है। अतः सक्षम अनुशासनात्मक प्राधिकारी होने के नाते डीईओ द्वारा छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 10 (आठ) सपठित नियम 19(i) तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311(2) (a) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विकासखण्ड उदयपुर के शासकीय प्राथमिक शाला पेण्डरखी के प्रधान पाठक विजय कुमार यादव को दोषसिद्ध आचरण एवं घोर नैतिक अधमता के आधार पर तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से पदच्युत/ बर्खास्त किया गया है।



खबर संक्षेप

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों, विभागीय गतिविधियों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को पारस पोर्टल की नियमित निगरानी करते हुए प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बेटियां ही भविष्य हैं विषय पर भाषण प्रतियोगिता

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़ा, विकासखंड खड़गवां में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बेटियां ही भविष्य हैं विषय पर भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा, सुरक्षा, समानता, अधिकारों एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बालिका शिक्षा के महत्व, लैंगिक समानता, बाल विवाह की रोकथाम, स्वास्थ्य एवं पोषण तथा बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

पीएम केयर्स योजनाः लाभार्थी बच्चों से मिलीं कलेक्टर

मनेन्द्रगढ़। एमसीबी में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत लाभान्वित बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, संरक्षण एवं समग्र विकास की जानकारी लेने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुश्री संतन देवी जांगड़े ने बच्चों के साथ त्रैमासिक बैठक कर उनसे मुलाकात की। जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा द्वारा आयोजित इस मुलाकात के दौरान कलेक्टर ने अभिभावक की भूमिका में बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य एवं दैनिक आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को भेंट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके परिजनों से भी बातचीत कर बच्चों की देखभाल एवं पारिवारिक परिस्थितियों की जानकारी ली। बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने पीएम केयर्स योजना के अंतर्गत लाभार्थी बच्चों की निःशुल्क नियमित स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

मवेशियों की मौत पर मुआवजा नहीं

बैकुण्ठपुर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आवेदकों से संवाद कर उनके प्रकरणों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में वनपट्टा संबंधी जांच, मानदेय भुगतान, अभिलेखों में त्रुटि सुधार, भूमि से कब्जा हटवाने, पशु शेड निर्माण के लिए सहायता तथा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न विषयों के कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए।

सात समंदर पार से जन्मभूमि के जरूरतमंद परिवारों तक पहुंची दीपावली की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अमेरिका में रह रहे चंद्रकांत पटेल की अनूठी पहल, दूरस्थ गांवों में पंडो परिवारों को बांटे जा रहे गिफ्ट हैम्पर

अमेरिका में रह रहे अप्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल अपनी जन्मभूमि चिरमिरी क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों के बीच दीपावली की खुशियां बांटने की अनूठी पहल कर रहे हैं। आर्थिक कठिनाइयों के कारण त्योहार ठीक से नहीं मना पाने वाले परिवारों के घरों तक दीपावली की रौनक पहुंचाने के उद्देश्य से उनके द्वारा उपहार वितरित करवाए जा रहे हैं।

खास बात यह है कि इस सेवा कार्य में केबी पटेल नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज में अध्ययनरत छात्राएं भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। इस पहल के तहत छात्राओं के माध्यम से पहुंचविहीन और दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में रहने वाले जरूरतमंद पंडो परिवारों को दीपावली गिफ्ट हैम्पर पहुंचाए जा रहे हैं। इन हैम्परों में मिठाई, पटाखे, दीये, तेल, बाती, लाई, बताशे और रंगोली सहित त्योहार से जुड़ी अन्य सामग्री शामिल है। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को भी दीपावली का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाने का अवसर उपलब्ध कराना है। सात समंदर पार रहकर भी अपनी जन्मभूमि और यहां के लोगों से जुड़ाव बनाए रखने वाले चंद्रकांत पटेल की इस पहल का उद्देश्य केवल उपहार बांटना नहीं, बल्कि उन परिवारों के जीवन में खुशियों का दीप जलाना है, जो आर्थिक परेशानियों के कारण त्योहार की तैयारियां नहीं कर पाते। इस पहल से जरूरतमंद परिवारों को त्योहार की सामग्री उपलब्ध होने के साथ ही यह एहसास भी हो रहा है कि दूर रहकर भी कोई उनके सुख-दुख की चिंता करता है। केबी पटेल नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज के प्रबंधक विश्वजीत बारीक ने कहा कि इस छोटी-सी पहल से जरूरतमंद परिवारों के घरों में दीपावली की रोशनी पहुंचेगी और उनके चेहरों पर मुस्कान आएगी। इस सेवा कार्य में भागीदारी निभा रहीं छात्राएं भी उत्साहित हैं, वहीं ग्रामीण परिवार इस मानवीय पहल की सराहना कर रहे हैं।



ग्रामीण इलाकों में पैदल पहुंच रहीं छात्राएं

इस सेवा कार्य की खास बात यह है कि छात्राएं दुर्गम और पहुंचविहीन ग्रामीण इलाकों में पैदल चलकर परिवारों के घरों तक पहुंच रही हैं। वे पंडो परिवारों के घरों में सबसे पहले आम के पत्तों से बना तोरण लगाती हैं और फिर अपने हाथों से रंगोली बनाकर घर-आंगन को सजाती हैं। इसके बाद परिवारों को दीपावली का गिफ्ट हैम्पर भेंट करती हैं। छात्राओं की यह पहल जरूरतमंद परिवारों के बीच अपनत्व और खुशियों का संदेश पहुंचा रही है।



कोरिया में शाम से रिमझिम बारिश से बढ़ी ठंड, धान फसल की सुरक्षा को लेकर किसान चिंतित

अर्नब का असरः कोरिया-एमसीबी के स्कूल-आंगनबाड़ी केंद्र आज रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चक्रवाती प्रभाव के कारण कोरिया-एमसीबी जिले में मौसम का मिजाज बदल गया है। अर्नब के असर के कारण 29 अक्टूबर को दोनों में स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवकाश घोषित कर दिए गए हैं। विदित हो कि पिछले दो दिनों से आसमान में बादल छाए हुए हैं, बुधवार को सुबह से ही आसमान बादलों से ढंका रहा। हल्की हवाएं चलने से ठंड का असर भी बना रहा।

दोपहर में जिले के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई, जबकि अपराह्न बाद जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर सहित कई क्षेत्रों में हल्की रिमझिम बारिश हुई। हालांकि, जिले में कहीं भी तेज बारिश होने की सूचना नहीं मिली और न ही तेज हवाएं चलीं। मौसम विभाग ने चक्रवाती प्रभाव के चलते उत्तरी छत्तीसगढ़ में 28 और 29 अक्टूबर को मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। बुधवार को जिले में दिनभर बादल छाए रहे और कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी के बाद बारिश थम गई। वहीं, अपराह्न बाद कई क्षेत्रों में रिमझिम बारिश हुई। गुरुवार को भी बारिश की संभावना जताई गई है। चक्रवाती प्रभाव को देखते हुए कोरिया जिले को येलो अलर्ट पर रखा गया है। वहीं, जिला प्रशासन भी सतर्क है।



धान की फसल पर मंडराया बारिश का खतरा

चक्रवाती प्रभाव से जिले में धान की फसल की सुरक्षा को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। इन दिनों जिले के कई क्षेत्रों में धान की फसल पककर तैयार है। कुछ किसानों ने कटाई शुरू कर दी है, जबकि कई किसान कटाई के बाद धान को खेतों में ही छोड़ दिए हैं। मौसम में बदलाव और बारिश की आशंका को देखते हुए कई किसानों ने कटी हुई धान की फसल को खेतों से उठाकर खलिहानों में सुरक्षित रखना शुरू कर दिया है। हालांकि, कुछ किसान अभी तक कटी हुई फसल को पूरी तरह सुरक्षित नहीं कर पाए हैं। ऐसे में उन्हें नुकसान की चिंता सता रही है। किसानों का कहना है कि खेतों में खड़ी पकी धान की फसल को बारिश से नुकसान होने की आशंका है, लेकिन सबसे अधिक खतरा कटाई के बाद खेतों में पड़ी धान की फसल को है। यदि बारिश तेज होती है और कटी हुई फसल समय पर सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंच पाती है, तो किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में आज अवकाश


चक्रवात के प्रभाव से भारी वर्षा और तेज हवाओं की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने गुरुवार, 29 अक्टूबर को जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में एक दिन का अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रोक्तिमा यादव ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 27 अक्टूबर को जारी पत्र के परिपालन तथा मौसम विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अवकाश का आदेश कोरिया जिले के अंतर्गत संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर लागू होगा।



एमसीबी के स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवकाश घोषित

छग राज्य में भारी वर्षा एवं तेज हवाओं की संभावना को देखते हुए जारी ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर जिला एमसीबी में विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 29 अक्टूबर को जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है। छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अक्टूबर को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारी वर्षा एवं तेज हवाओं का प्रभाव रहने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से विद्यार्थियों को होने वाली संभावित परेशानियों एवं जोखिम को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एहतियातन यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के साथ-साथ सभी शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक शालाओं, माध्यमिक शालाओं, हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में गुरुवार को शैक्षणिक गतिविधियों के लिए अवकाश रहेगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उक्त एक दिवसीय अवकाश केवल विद्यार्थियों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले बच्चों के लिए लागू होगा। यह अवकाश शिक्षकों, आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों, कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के लिए लागू नहीं होगा।

करवा चौथ आज, सुहागिन महिलाएं आज रखेंगी व्रत



बैकुण्ठपुर। पति के लंबी आयु एवं अखण्ड सौभाग्य की कामना का महापर्व करवा चौथ गुरुवार को सुहागिन महिलाओं द्वारा आस्था एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं सुबह से ही निर्जला व्रत रखती है और रात्रि में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करती है।

करवा चौथ पर्व को लेकर शहर का बाजार पर्व के पूर्व गुलजार रहा। बाजार में विभिन्न तरह के सामानों की खरीदी के लिए महिलाएं जुटी रही। वही सजने संवरने के लिए ब्यूटी पार्लरों मे भी भीड़ रही।

साड़ियों की खरीदी जमकर हुई

करवा चौथ पर्व पर सुहागिन महिलाएं नए परिधानों में पारंपरिक तरीके से सजती है इसके लिए साड़ी की इस अवसर पर जमकर खरीदी हुई। व्यापारियों ने भी इस पर्व को देखते हुए आकर्षक साड़ियों की बड़ी रेंज दुकानों में रखे हुए थे जहां पूर्व के पूर्व विभिन्न साड़ी दुकानों में साड़ियों की जमकर खरीदी की गई इसके अलावा मैचिंग सेंटर, एवं सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों में श्रृंगार की सामग्री खरीदी करने के लिए लिए महिलाओं की भीड़ देर शाम तक बनी रही।

छलनी की कीमत 50 से 600 तक सेट

स्थानीय एक व्यापारी ने बताया कि उनके यहां 50 रुपए से छलनी की कीमत शुरू होती है और सेट में 600 रुपए तक के उपलब्ध है। करवा चौथ पर छलनी से चांद को देखने के बाद अपने पति का दीदार किया जाता है इसके चलते बाजार में छलनी की मांग अचानक बढ़ गई, वही बाजार में बड़ी कीमत पर छलनी विक्रय की जा रही है।

आज चांद का दीदार होगा मुश्किल

जिस तरह से कोरिया जिले में अर्नब चक्रवात के प्रभाव के कारण मौसम का मिजाज बदला हुआ है उसे देखते हुए आज करवा चौथ व्रत के दिन रात्रि में चांद का दीदार करना भी मुश्किल होगा। उल्लेखनीय कि सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ की रात्रि में पूजा उपरांत छलनी से चांद देखने के बाद अपने पति का दीदार करती है लेकिन जिले में दो तीन दिनों से बादलों भरा मौसम होने के कारण आज रात्रि में चांद दिखना भी मुश्किल होगा। पंडितों ने इस परिस्थिति में चांद की प्रतिकृति बनाकर अपना कार्य पूरा करने की सलाह दे रहे।

राज्योत्सव और दीपावली को लेकर प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला एमसीबी में आगामी राज्योत्सव एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में यातायात प्रबंधन, पार्किंग, अग्निशमन, भीड़ नियंत्रण तथा आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निराश्रित पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट लगाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों एवं पशुधन विकास विभाग के समन्वय से संचालित इस पहल से रात के समय वाहन चालकों को सड़क पर मौजूद पशु दूर से दिखाई दे सकेंगे।

दीपावली पर पटाखा दुकानों की जांच

दीपावली पर्व के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात नियंत्रण, पार्किंग तथा आवश्यकता के अनुसार रूट डायवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अस्थायी पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर लाइसेंस, अग्निशमन उपकरणों एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों की जांच करने के निर्देश दिए गए। विस्फोटक अधिनियम, 1884 एवं विस्फोटक नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुरूप पटाखों की बिक्री और भंडारण में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शैक्षणिक भ्रमण

मनेन्द्रगढ़। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं प्रशासनिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से महिला सशक्तिकरण केंद्र जिला एमसीबी द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 29 बालिकाओं को विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। कलेक्टर संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान बालिकाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं बाल कल्याण समिति की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। संबंधित अधिकारियों ने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सहायता के लिए संचालित व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

दो विद्यालयों में जागरूकता शिविर, 664 छात्राओं ने लिया भाग



मनेन्द्रगढ़। बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बचपन बचाओ आंदोलन के तहत सुरक्षित बचपन अभियान अंतर्गत अखिल भारतीय विद्यालय जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसके तहत मनेंद्रगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ई. संवर्ग) एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो अधिनियम), शिक्षा के अधिकार तथा बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और हसदेव उद्गम के संरक्षण पर ध्यान दें: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकसभा क्षेत्र कोरबा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने पेयजल आपूर्ति और प्रधानमंत्री सड़क योजना के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत के मंथन कक्ष में उनकी अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक में जिले में संचालित केंद्रीय जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने योजनाओं के क्रियान्वयन और जिले की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण दिया। सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में प्रधानमंत्री सड़क योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने इनके सुचारु क्रियान्वयन और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सांसद ने बालिका विद्यालयों में शौचालय, पेयजल और चारदीवारी जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत बताई।

सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक 30 को

जांजगीर-चांपा। लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में 30 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, गीता राजवाड़े पति श्री आलोक राजवाड़े उम्र 38 वर्ष, जाति रजवार निवासी ग्राम लखनपुर थाना व तहसील लखनपुर जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड व मेरे पेन कार्ड में मेरा पूर्व में नाम गीता देवी राजवाड़े पति श्री आलोक राजवाड़े अंकित था। वर्तमान में मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम गीता राजवाड़े पति श्री आलोक राजवाड़े अंकित है। ये दोनो नाम गीता राजवाड़े व गीता देवी राजवाड़े एक ही व्यक्ति का नाम है। और ये दोनो नाम मेरा ही है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
गीता राजवाड़े
श्री आलोक राजवाड़े
निवासी- ग्राम लखनपुर
थाना व तहसील लखनपुर
जिला सरगुजा छ.ग.

TOP IN SURGUJA

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
LAPAROSCOPIC SURGEON

INSTITUTE OF PHARMACY RESEARCH CENTRE
ADMISSION OPEN
LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Krishnapur Kalua Bharuhamunda Road Dist- Surajpur (C.G.)
9165265258, 8889110739, 9244175446

PUSHPENDRA COLLEGE OF PHARMACY AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN
LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Lalmati Lundra, Ambikapur Dist- Surajpur (C.G.)
9407634704, 7509172393

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे हैं अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समयः- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ
रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज
प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार
बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट
मृत और विश्वासघीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, मल्हमाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
9753266386

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समयः सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध
"स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य"
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 01 नवंबर, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

खबर संक्षेप



मानव कल्याण एवं सामाजिक विकास संगठन ने किया कवि सम्मेलन

अम्बिकापुर। महर्षि वाल्मीकि जयंती और शरद पूर्णिमा के अवसर पर मानव कल्याण एवं सामाजिक विकास संगठन द्वारा होटल पंचानन में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक राजेश तिवारी व भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, कवयित्री गीता दुबे व डॉ.उमेश पाण्डेय के आतिथ्य एवं साहित्यकार एसपी जायसवाल की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन डॉ.पूनम दुबे वीणा की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। इस दौरान आशा पाण्डेय ने मिला आदिकवि का जिन्हें, दुनिया में सम्मान, डॉ.पूनम दुबे ने वाल्मीकि ने तप किया, मिला ज्ञान भरपूर, गीता दुबे ने जब मेरा मन घबराया, मैं पास तुम्हारे आया, डॉ.माधुरी जायसवाल ने अकेले भी जीना सिखाती है जिंदगी, विनोद हर्ष ने पग-पग में सुख-दुख का जब इम्तिहान होता है, श्याम बिहारी पाण्डेय ने जब देश हमारा सोया था, जागी आंखों ने रोया था, संतोष दास सरल ने कर्तव्यों की बलिवेदी पर दोनों को शीश चढ़ाना होगा, सीमा तिवारी ने शक्ति स्वरूप सुमंगलकारिणी काज संवारती हो सबकी मां, अंजू पाण्डेय ने रामराज का सपना है तो कर्म राम सा करना होगा, गरिमा शर्मा ने कुछ इश्क होते हैं नहीं मशहूर होने को, तरूणा अग्रवाल ने हृदय में प्रेम का अब नहीं होता है संचार, प्रकाश कश्यप ने बिखरा-बिखरा प्यार जरा देखो तो सही, देवेंद्रनाथ दुबे ने दूर तुमसे हुआ हूं दो पल के लिए, एसपी जायसवाल ने तब की नारी थी सावित्री पति की खातिर यम से भी लड़ जाती थी, प्रताप पाण्डेय ने खुशियों को तुम बोझ क्यूं मानती हो, डॉ.उमेश पाण्डेय ने मैं रूक नहीं सकता, झुक नहीं सकता, टूट नहीं सकता, सत्यप्रकाश दुबे ने हाय पइसा, कहां ले आय पइसा, अजय सागर ने रावण के पुतले को मारा, अब तो दिल का रावण मारो एवं मुकुंदलाल साहू ने बातचीत से कीजिए, हर मसले को दूर रचना सुनाई। अंत में समन्वयक राजेश तिवारी ने कविताओं की समीक्षा की। इस दौरान मंजू तिवारी, राजेंद्र प्रसाद त्यागी, मनबोध राम, ईश्वर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

सहकारी बैंक में विड्रॉल से भुगतान नहीं होने से ग्रामीण परेशान, 30 किमी दूर से आया ग्रामीण लौटा खाली हाथ

ओड़गी। सहकारी बैंक में अपना ही पैसा निकालने के लिए ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। आरोप है कि बैंक मैनेजर संतोष कुमार जायसवाल और कैशियर चंद्रशेखर ने विड्रॉल फॉर्म से नकद भुगतान के बजाय चेक लाना अनिवार्य कर दिया है। इससे दूर-दराज से आने वाले खाताधारकों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत बांक के आश्रित ग्राम थरगी निवासी पारसनाथ गांव से 30 किलोमीटर दूरी तय कर ओड़गी ब्लॉक मुख्यालय सहकारी बैंक में अपने खाते से 3,500 रुपये निकालने आया था। पारसनाथ विड्रॉल फॉर्म भरकर भुगतान मांगा, लेकिन आरोप है कि मैनेजर ने उन्हें डांट-फटकार कर वापस भेज दिया। नतीजतन लंबी दूरी तय करने के बाद भी उसे अपने खाते से पैसे नहीं मिले। इसी दिन ओड़गी में साप्ताहिक बाजार भी लगता है। ग्रामीण बैंक से पैसे निकालकर सप्ताह भर के राशन और घरेलू जरूरतों का सामान खरीदते हैं। ऐसे में भुगतान नहीं मिलने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। इस संबंध में डिप्टी रजिस्ट्रार अनिल कुमार बनाज ने बताया कि पहले खाते का प्रकार देखना होगा। यदि चेक जारी किया गया है, तो उससे भुगतान किया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चेक नहीं होने पर विड्रॉल फॉर्म से भी पैसे निकाले जा सकते हैं।



काली पूजा के लिए की जा रही व्यापक तैयारी, समिति गठित

सूरजपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक माँ काली पूजा समिति द्वारा कालरात्रि माँ काली की पूजा धूमधाम से की जाएगी। जिसके लिए रविवार को अग्रसेन भवन में समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम की भव्यता एवं आयोजित अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। सार्वजनिक समिति इस वर्ष अपना 17 वां वार्षिकोत्सव मना रही है। नगर के भैयाथान रोड पंचमन्दिर पारा स्थित दुर्गा बाड़ी में होने वाली माँ काली पूजन हेतु भव्य पंडाल निर्माण के साथ व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति के सदस्यों ने बताया कि 8 नवम्बर की दोपहर 3 बजे कलश स्थापना, 4 बजे शिव तांडव, साढ़े पांच बजे चंडी पाठ के पश्चात रात्रि 11 बजे से माँ काली की पूजा प्रारम्भ होगी। रात्रि 2 बजे देवी अभिषेक, प्रातः 3 बजे दीपदान एवं बलिदान, प्रातः 4 बजे पुष्पांजलि, प्रातः साढ़े चार बजे माता रानी का महाभोग ततपश्चात हवन एवं आरती की जाएगी। 9 नवम्बर की संध्या 7 बजे महाआरती पश्चात कन्या पूजन व कन्या भोज एवं महाकाली का भंडारा, माता को चुनरी भेंट, भगवती जागरण तथा गरबा महोत्सव का कार्यक्रम होगा। 10 नवम्बर को सिंदूर दान एवं भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। सम्पूर्ण आयोजन के सुव्यवस्थित संचालन के लिए समिति के पदाधिकारी बनाये गए है। जिनमे संरक्षक रामकृष्ण ओझा, चंचलेश श्रीवास्तव, मुकेश गर्ग, पवन मितल, अध्यक्ष रूपेश मितल, उपाध्यक्ष रामजी साहू, आशीष गुप्ता, संजीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, कृष्ण मंगल हरिओम अग्रवाल, सचिव अजय सिंह, आशिक सोनी बाबू, सहसचिव प्रविण साहू, विक्की साहू, व्यवस्थापक प्यारे साहू, सुमित मित्तल, राकेश महराज, नितेश गुप्ता,पूजा प्रमुख विकास साहू, स्पर्श श्रीवास्तव को बनाया गया है।

बैठक में शराब बनाने और पीने-पिलाने पर जुर्माना लगाने की गई चर्चा

कंचनपुर, खरसुरा और केवरी के बाद अब कुंवरपुर में पूर्ण शराबबंदी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

जिले के लखनपुर विकासखंड में इन दिनों शराबबंदी को लेकर जागरूकता की लहर देखने को मिल रही है। कंचनपुर, खरसुरा और केवरी के बाद अब ग्राम पंचायत कुंवरपुर में भी पूर्ण शराबबंदी की दिशा में पहल शुरू हो गई है। शराब के दुष्परिणामों से गांव और परिवारों को बचाने के उद्देश्य से आयोजित ग्राम सभा की बैठक में बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट हुईं और पंचायत में शराबबंदी लागू करने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

खास बात
- विकासखंड में शराबबंदी की बयार

लखनपुर विकासखंड के कंचनपुर, खरसुरा और केवरी सहित आसपास के क्षेत्रों में शराबबंदी को लेकर चल रही पहल के बीच अब कुंवरपुर का नाम भी इस मुहिम से जुड़ता नजर आ रहा है। ग्रामीणों की एकजुटता और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से शराबबंदी की उम्मीद मजबूत हुई है। ग्राम पंचायत कुंवरपुर में शराब बंदी को लेकर लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने गांव में शराब बनाने, बिक्री करने के साथ शराब पीने पर रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान शराब पीने-पिलाने और शराब बनाने वालों पर भारी जुर्माना लगाने का प्रस्ताव भी चर्चा में आया। ग्राम सभा में मौजूद महिलाओं और ग्रामीणों ने शराबबंदी को लेकर अपनी सहमति जताते हुए इसे गांव के सामाजिक वातावरण में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक में ग्राम पंचायत के सरपंच चमन सिंह, पंचों सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने शराबबंदी की पहल को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। हालांकि ग्राम पंचायत में पूर्ण शराबबंदी लागू करने के लिए आगे क्या कदम उठाए जाएंगे और प्रस्ताव को किस तरह अमलीजामा पहनाया जाएगा यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ग्राम सभा में हुई चर्चा और लिए गए निर्णय को धरातल पर उतारने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे। यदि ग्रामीणों की यह पहल प्रभावी रूप लेती है, तो कुंवरपुर में शराबबंदी की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण शुरुआत साबित हो सकती है। ग्राम सभा की बैठक में सरपंच चमन सिंह, मनीता सिंह, उप सरपंच पंचम सिंह पैकरा, पंच राम जतन मानमति, अन्य पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



बैठक में शामिल ग्रामीण।

महिलाओं की एकजुटता से बढ़ी उम्मीद

ग्राम कुंवरपुर में शराबबंदी को लेकर हुई इस पहल में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। ग्रामीणों का मानना है कि शराब की लत के कारण कई परिवारों को आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गांव में शराबबंदी लागू होने से परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार, घरेलू विवादों में कमी और सामाजिक वातावरण को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

कुंवरपुर पर टिकी निगाहें

लखनपुर विकासखंड के कंचनपुर, खरसुरा और केवरी सहित आसपास के क्षेत्रों में शराबबंदी की गई है। कुछ दिनों पूर्व ही ग्राम पंचायत केवरी में शराब पीने तथा बनाने के वाले लोगों के विरूद्ध न सिर्फ कार्रवाई की गई बल्कि हजारों रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। ऐसे में अब शराबबंदी मुहिम में कुंवरपुर का नाम भी जुड़ता नजर आ रहा है। ग्रामीणों की एकजुटता और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से शराबबंदी की उम्मीद मजबूत हुई है।

खेत में धान की फसल, गिरदावरी में रकबा जीरो, पटवारी हड़ताल से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

राजस्व पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच किसानों की परेशानियां बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में गिरदावरी रिकॉर्ड में त्रुटियों के कारण किसान चिंतित हैं। स्थिति यह है कि कई किसानों के खेतों में धान की फसल खड़ी है, लेकिन ऑनलाइन गिरदावरी में धान का रकबा शून्य दिखाई दे रहा है।

- बैंक से ऋण लेने वाले किसानों की बढ़ी चिंता

ऐसे में किसानों के सामने समर्थन मूल्य पर धान बेचने का संकट खड़ा हो गया है। राजस्व पटवारी संघ के सदस्य 13 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। इसके चलते राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित है। क्षेत्र के ग्राम महुली, खोहीर, बैजनपाट, लूल्ह, रामगढ़, जुड़वानिया, कोल्हुआ, चोंगा, कछवारी, करौटी सहित आसपास के गांवों के किसान गिरदावरी में हुई गड़बड़ियों को लेकर परेशान हैं। किसानों का कहना है कि उनके खेतों में धान की फसल लगी है, इसके बावजूद गिरदावरी में धान का रकबा जीरो दर्ज है। कई किसानों के रिकॉर्ड में धान के स्थान पर दूसरी फसल दर्ज है, जबकि कुछ किसानों की फसल का विवरण ही दर्ज नहीं किया गया है जिससे किसानों को धान बेचने के लिए पंजीयन और रिकॉर्ड में सुधार कराने की चिंता सता रही है। गिरदावरी की गड़बड़ी से ऐसे किसानों की चिंता बढ़ गई है जिन्होंने जिला सहकारी बैंक से कृषि ऋण लिया है। खेतों में धान की फसल तैयार होने के बावजूद गिरदावरी में रकबा शून्य दिखने से किसानों को अपनी उपज बेचने से वंचित होने का भय सता रहा है। समय रहते रिकॉर्ड में सुधार नहीं हुआ तो किसानों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है और कृषि ऋण चुकाने की चिंता भी बढ़ सकती है। क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टर से क्षेत्र के दूरस्थ गांवों में तत्काल शिविर लगाकर किसानों की शिकायतों का निराकरण करने वास्तविक फसल का सत्यापन करा गिरदावरी में दर्ज त्रुटियों को सुधारने की मांग की है। किसानों का कहना है कि धान खरीदी का समय नजदीक होने के कारण जल्द सुधार नहीं हुआ, तो बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज बेचने से वंचित हो जाएंगे।



पीवी ऐप के विरोध में पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पीवी ऐप की तकनीकी एवं व्यवहारिक खामियों का समाधान नहीं होने और विरोध करने वाले पटवारियों पर कार्रवाई किए जाने से राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ में नाराजगी है,संघ 13 अक्टूबर से अनिश्चितका लीन हड़ताल पर है, पटवारी संघ ने भू-अभिलेख संचालनालय नवा रायपुर के संचालक को ज्ञापन सौंपकर ऐप की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने और पटवारियों के तबादले, निलंबन व कारण बताओ नोटिस की कार्रवाई निरस्त करने की मांग की है।

- तकनीकी खामियों का समाधान करने एवं पटवारीयों के निलंबन व तबादले की कार्रवाई वापस लेने हेतु संचालक को सौंपा ज्ञापन

संघ के अनुसार पीवी ऐप से फसलों के भौतिक सत्यापन में आ रही दिक्कतों से शासन और विभाग को पहले ही अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ है। संघ ने कहा कि पटवारी डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक व किसान पंजीयन, जनगणना, लघु सिंचाई संगणना, रेलवे व एनएच सर्वे, आय-जाति-निवास प्रमाणपत्र, स्वामित्व योजना और अन्य शासकीय कार्य भी कर रहे हैं। ऐसे में तकनीकी खामियों के बीच पीवी ऐप से काम कराने का दबाव उचित नहीं है। संघ ने आरोप लगाया कि ऐप के बहिष्कार को लेकर बलौदाबाजार में पदाधिकारियों व पटवारियों के तबादले और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, जबकि महासमुंद में पटवारियों को निलंबित किया गया है। संघ ने इन कार्रवाइयों की निंदा करते हुए इन्हें तत्काल निरस्त करने की मांग की है। संघ का कहना है कि दंडात्मक कार्रवाई के बजाय पीवी ऐप की खामियां दूर कर लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाना चाहिए।

सोना-चांदी चमकाने के नाम पर 2.3 लाख की ठगी, बेटा गिरफ्तार पिता फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

सोना-चांदी और बर्तन चमकाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने पिता के साथ मिलकर ग्राम शिवपुर निवासी एक महिला से 2 लाख 3 हजार 6 सौ रूपए ठग लिया था। घटना में शामिल आरोपी पिता अब भी फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम शिवपुर निवासी दुर्गावती पति सोमेश सिंह (30 वर्ष) ने रामानुजनगर थाने में शिकायत की थी कि मार्च-अप्रैल माह में ग्राम नारायणपुर निवासी राकेश उर्फ रूपेश साहू और उसके पिता ललन साहू गांव में आए और सोना-चांदी एवं बर्तन चमकाने आए थे। इसी बीच पिता पुत्र ने उसे 80 हजार कीमत के असली सोने चांदी के जेवर बताकर दिए। शंका होने पर जब


दुर्गावती ने लोगों को बताई तो लोगों ने सोने चांदी के जेवर को नकली होना बताया।

पिता-पुत्र द्वारा नकली सोना चांदी के जेवर को असली बताकर देने पर ठगी कर लिया। पीड़ित महिला के मुताबिक पिता पुत्र ने गांव के मालती पति भुवनेश्वर को 21 हजार रूपये व चमेली सिंह पति सुरेन्द्र सिंह 16 हजार रूपये तथा सांता सिंह पति नरेन्द्र सिंह को 47 हजार 200 रूपये एवं कलावती सिंह पति देव सिंह को 39 हजार 400 रूपये का सोना चांदी का आभूषण देकर ठगी किया। इसके अलावा रूपेश साहू और उसके पिता ललन साहु द्वारा शिवपुर, भुवनेश्वरपुर, बद्रिका आश्रम के आसपास गांव में भी सोना चांदी का आभूषण देकर धोखाधड़ी कर ठगी किए है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 318(4) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी रूपेश साहू आ.बचन साहू (29 वर्ष) बुधवार की गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने अपने पिता के साथ मिलकर ठगी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया और 11 नवंबर तक न्यायिक रिमांड की मांग की है। मामले में दूसरा आरोपी ललन साहू अब भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

कुमदा सहक्षेत्र में लकड़ी व कबाड़ चोरी करते चार आरोपी पकड़ाए

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र में लकड़ी व कबाड़ चोरी करने दौरान कम्पनी सुरक्षा विभाग ने चार लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंपा है। बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार को चारों आरोपियों को सूरजपुर न्यायालय में पेश किया, बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि सिलफिली निवासी विकेश गिरी, केनापारा तेलईकछार निवासी मुकेश सोनी, महेशपुर निवासी राजू प्रसाद राजवाड़े और गणेशपुर निवासी राम मोहन राजवाड़े को मंगलवार को कुमदा सहक्षेत्र में लकड़ी व कबाड़ चोरी करते हुए एसईसीएल सुरक्षा विभाग ने पकड़ा था,इसके बाद उन्हें बिश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया गया.पुलिस ने मामले में चोरी से संबंधित कार्रवाई पूरी कर चारों को न्यायालय में पेश किया है। ज्ञात हो कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में यूकेलिप्टस के पेड़ों की अवैध कटाई और लकड़ी व कबाड़ चोरी का अवैध कारोबार लंबे समय से फलफुल रहा है,कोयलांचल क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों से कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

उत्तर प्रदेश से अवैध रूप से लाया जा रहा 37 बोरी धान जब्त

रामानुजगंज। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की तैयारियों के बीच दूसरे राज्य से धान लाकर खपाने के प्रयास पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर 27 अक्टूबर को एसडीएम की टीम ने उत्तर प्रदेश से अवैध रूप से लाया जा रहा लगभग 37 बोरी धान जब्त किया। धान के परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे ट्रैक्टर को भी जब्त कर पुलिस चौकी डिंडो के सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम आनंद नेताम का ट्रैक्टर चलाकर थाने तक पहुंचने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

- ट्रैक्टर लेकर खुद थाने पहुंचे एसडीएम, चालक मौके से फरार



जानकारी के अनुसार त्रिशुली निवासी दीनदयाल गुप्ता अपने ट्रैक्टर से उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले की दुद्धी तहसील अंतर्गत ग्राम जामपानी से लगभग 37 बोरी धान लेकर आ रहे थे। धान को बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर तहसील अंतर्गत ग्राम सलवाही निवासी नंदलाल प्रसाद गुप्ता के घर ले जाया जा रहा था। पूछताछ के दौरान दीनदयाल गुप्ता ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि धान को नंदलाल गुप्ता के नाम पर बिक्री करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा था। मौके पर धान के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर प्रशासनिक टीम ने धान सहित ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। ट्रैक्टर चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं थे। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक के मौके से फरार होने की जानकारी सामने आई। इसके बाद एसडीएम आनंद नेताम ने स्वयं ट्रैक्टर की स्टेयरिंग संभाली और उसे चलाकर पुलिस चौकी तक पहुंचाया। एसडीएम के स्वयं ट्रैक्टर चलाकर पुलिस चौकी पहुंचने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रशासन ने जब्त धान और ट्रैक्टर को पुलिस चौकी डिंडो के सुपुर्द कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई को दूसरे राज्य से धान लाकर स्थानीय स्तर पर बिक्री करने के प्रयासों पर रोक लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कन्या महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह

अम्बिकापुर। सत्यनिष्ठा से समृद्धि अंतर्गत राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा छात्राओं ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली। प्राचार्य डॉ.एजेन टोप्पो ने शपथ दिलाई। डॉ.अलका जैन ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने के उद्देश्यों के बारे में बताया तथा सप्ताह भर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। आयरन मैन ऑफ इंडिया सरदार वल्लभ भाई पटेल के अखंड भारत के निर्माण में योगदान को याद किया गया। छात्राओं ने भ्रष्टाचार रोकने के प्रति जनजागरूकता लाने हेतु स्लोगन बनाये। मंगलवार को छात्राओं एवं महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा वाकाथान किया जाएगा।

बिजनेस प्लस

सोना महल में किसना डायमंड के डायरेक्टर घनश्याम भाई ढोलकिया का प्रथम आगमन

अम्बिकापुर। आगामी धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर आज सदर रोड सोना महल में किसना डायमंड एचके ज्वेल्स के डायरेक्टर घनश्याम भाई ढोलकिया का प्रथम आगमन हुआ। इस अवसर पर सोना महल के निर्देशक धनंजय सोनी एवं उपस्थित सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस विशेष मुलाकात के दौरान कृष्णा डायमंड और सोना महल के बी च पिछले 20 वर्षों से चले आ रहे व्यावसायिक संबंधों एवं साझेदारी को और मजबूत बनाने के साथ-साथ आगामी धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डायमंड ज्वेलरी को लेकर ग्राहकों के बीच जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें हीरे के आभूषण खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसी क्रम में ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की गई। इसके तहत 50 हजार या उससे अधिक की डायमंड ज्वेलरी की खरीदारी पर एक चांदी का सिक्का उपहार स्वरूप देने की पेशकश की गई। साथ ही ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी खरीदने के लिए प्रोत्साहित करते हुए 95 प्रतिशत तक एक्सचेंज वैल्यू देने की बात भी कही गई, जो ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। घनश्याम भाई ढोलकिया ने सोना महल के साथ अपने लंबे व्यावसायिक संबंधों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगामी त्योहारों में ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण डायमंड ज्वेलरी और बेहतर खरीदारी अनुभव उपलब्ध कराने पर जोर दिया। धनंजय सोनी ने कहा कि सोना महल का उद्देश्य ग्राहकों को विश्वास, पारदर्शिता और आकर्षक ऑफर्स के साथ बेहतर आभूषण उपलब्ध कराना है। धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर यह विशेष पहल ग्राहकों के लिए खरीदारी को और भी खास बनाएगी। इस अवसर पर धनंजय सोनी,प्रमोद राठौर, मनोज सोनी, प्रकाश यादव, रवि कुमार, सुल्ताना अंसारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



- 20 वर्षों की साझेदारी पर हुई विशेष चर्चा

प्रगति इलेवन लक्ष्मीपुर की टीम ने गणेश उत्सव फुटबॉल प्रतियोगिता की अपने नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

ग्राम पंचायत कालामांजन स्टेडियम ग्राउंड मे गणेश उत्सव समिति कालामांजन द्वारा विगत 41 वर्षों से संभाग स्तरीय गणेश उत्सव फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बेन बहादुर सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन में होते आ रहा है। फाइनल मुकाबला प्रगति इलेवन लक्ष्मीपुर विरूद्ध एमएफसी कपसरा के बीच खेला गया। जिसमें प्रगति इलेवन लक्ष्मीपुर ने फाइनल मैच 0-1 से जीत हासिल की। इस वर्ष प्रतियोगिता में 4 जिले की कुल 16 टीमों ने भाग लिए।

फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन के अवसर समिति संरक्षक बेनबहादुर सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बलराम सोनी ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक स्वस्थ होता है। बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। समिति संरक्षक संजय कुमार यादव ,बाबूलाल सिंह, संदीप साहू,राजेश नायर, गौरी सिंह जनपद सदस्य, नेहा सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मंच का सफल संचालन समिति सचिव सुरेश कुमार यादव द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन समिति संरक्षक राम गुलाब सिंह द्वारा किया गया। समिति द्वारा सर्वप्रथम भूतपूर्व दिवंगत खिलाड़ियों के पत्नीयों को शाल व मेमोन्टो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को नकद राशि सहित शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान श्रीमती गौरी सिंह, संदीप साहू, राजेश नायर, लाला राम, देवनाथ, बाबूलाल सिंह, धर्म प्रसाद पटेल, शुभम सिंह, राम मोहर यादव,केशव प्रसाद सिंह, ,धर्मराज सिंह, शंकर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रदीप सिंह, अचल धारी सिंह, भुवनेश्वर सिंह, अरुण सिंह, नीरज सिंह,चंद्र बली राजवाड़े, अभिमन्यु सिंह, मो. शाकिर अंसारी, प्रशांत सिंह, दानी पाण्डेय, शशी जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में 10 महाविद्यालयों की टीमों ने लिया भाग

बलरामपुर। शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में प्राचार्य डॉ. अर्चना गुप्ता की अध्यक्षता एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अश्विनी विश्वकर्मा के संयोजन में 24 एवं 25 अक्टूबर को परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के 10 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता में सरस्वती महाविद्यालय अंबिकापुर की टीम विजेता तथा राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर की टीम उपविजेता रही। खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रतियोगिता को रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धा पूर्ण बनाया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में विनोद कुर्रे, पवन पाटले, चोवाराम देवांगन, खगेश्वर प्रसाद कश्यप, सुजीत प्रजापति, अनुज गुप्ता एवं आरिफ खान रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अर्चना गुप्ता ने खिलाड़ियों के उत्साह एवं प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आयोजन संयोजक डॉ. अश्विनी विश्वकर्मा ने सभी प्रतिभागी टीमों, क्रीड़ा अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान जॉन पीटर टोप्पो, वर्षा गुप्ता, मनोरंजन कुमार, धीरज मिश्रा, अशोक एक्का, प्रदीप सैनी, सोनाली गोस्वामी, महेश्वर प्रसाद राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।



मौसम साफ होते ही बढ़ेगी ठंड


चक्रवाती तूफान के प्रभाव से देर शाम तक हुई बूंदाबादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में बुधवार को चक्रवाती तूफान अर्णव का प्रभाव शुरू हो गया है। तूफान के प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही अपराह्न 3 बजे से लगातार बूंदाबादी हो रही है। मौसम विज्ञानी गुरूवार को वर्षा की रफ्तार बढ़ने के साथ ही तेज रफ्तार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त कर रहे है साथ ही शुक्रवार को भी तूफान के प्रभावी रहने की बात कह रहे हैं।

खास बात
- शुक्रवार तक रहेगा चक्रवाती तूफान का प्रभाव

मौसम अधिकारियों ने चक्रवाती तूफान अर्णव के प्रभाव से पूर्व में तेज हवाएं चलने के साथ कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना जताई थी। तूफान के प्रभाव से बुधवार को अपराह्न 3 बजे व्यापक बदलाव देखा गया। आसमान पर पिछले दो दिनों से छाए बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही लगातार बूंदाबादी हो रही है। राहत की बात है कि बुधवार को पूरे दिन हवा शांत रही। मौसम विज्ञानी तूफान के आगे बढ़ने पर तेज रफ्तार हवाएं चलने के साथ ही कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वर्तमान में सरगुजा में गुलाबी ठंड शुरू हो गई है। तीन दिनों पूर्व रविवार को मौसम कार्यालय द्वारा न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। न्यूनतम तापमान में गिरावट होने के कारण सुबह शाम ठंडक लग रही है। रात में भी लोग चादर कंबल का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि तूफान के प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के कारण न्यूनतम में 7.8 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई तथा बुधवार को रात का तापमान बढ़कर 19.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान बढ़ने के बावजूद बूंदाबादी होने के कारण बुधवार को दिन में भी ठंडक महसूस होती रही। तूफान का असर खत्म होने एवं मौसम के साफ होते ही न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट होने एवं न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के निकट पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में इस बार नवम्बर के शुरूआत में ही ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है। वैसे भी नवम्बर मध्य तक न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के निकट पहुंच जाता है तथा ठंड शुरू हो जाती है। पूर्व में भी नवरात्र से गुलाबी ठंड शुरू हो जाती है तथा दिसम्बर में न्यूनतम तापमान 4-5 डिग्री के मध्य पहुंच जाता है। मौसम में आए बदलाव के कारण इस बार नवम्बर में ही अच्छी ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम साफ होते ही उत्तर की हवाएं शुरू हो जाएंगी जो ठंडक को बढ़ाएगी।



सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर में आज स्कूलों की छुट्टी

चक्रवाती तूफान अर्णव के खतरे को देखते हुए गुरूवार को प्रशासन ने स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया है। कलेक्टर के निर्देश पर सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिला शिक्षा अधिकारी ने गुरूवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित की है। निर्देश के अनुसार तूफान से सुरक्षा के मद्देनजर सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर में गुरूवार को जिले के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अशासकीय स्कूल बंद रहेंगे। कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को सबसे पहले सूरजपुर के जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने गुरूवार को छुट्टी की घोषणा की। बाद में सरगुजा के जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार झा एवं बलरामपुर के जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र निरापुरे ने गुरूवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित की।

शाम में तेज हुई वर्षा की रफ्तार

चार घंटे तक चली बूंदाबादी के बाद शाम 7 बजे वर्षा की रफ्तार अचानक कुछ तेज हो गई। हालांकि तेज होने के बावजूद भारी वर्षा की स्थिति निर्मित नहीं हुई है। इस दौरान देर रात तक हल्की वर्षा का क्रम जारी रहा। ठंड में हल्की वर्षा होने के कारण बेहद जरूरी होने पर ही लोग अपने घरों से निकले। जबकि चार पहिया वाहनों का आवागमन देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान सड़के एवं बाजार सूने रहे। मध्यरात्रि के बाद वर्षा की रफ्तार और अधिक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम कार्यालय द्वारा 7.0 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संयुक्त मंच ने किया धरना प्रदर्शन

सीतापुर। नियमितीकरण, अनुकंपा नियुक्ति, सीधी भर्ती समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संयुक्त मंच द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि पूरे दिन नौनिहालों की देखरेख एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में काम करने वाली कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार ने मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर रखा है। हमने अपनी जायज मांगों को लेकर कई बार सरकार का ध्यानाकर्षण कराया लेकिन सरकार ने हमारी मांगो पर कभी ध्यान नही दिया न कोई कार्यवाही की। केंद्र एवं राज्य की सरकारें यही चाहती है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जाए इसलिए हमसे सौतेला व्यवहार किया जा रहा।थाना परिसर के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता एवं सहायिका रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंची जहां पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में नियमितीकरण के साथ सम्मानजनक वेतन के रूप में कार्यकर्ता को तीस हजार एवं सहायिकाओं को पच्चीस हजार रूपए दिया जाये। सुपरवाइजर पद पर कार्यकर्ताओं एवं कार्यकर्ता पद पर सहायिकाओं की सीधी भर्ती की जाए एवं उम्र का बंधन खत्म किया जाए। इसके अलावा समूह बीमा, पेंशन, ग्रेच्युटी एवं पीएफ समेत आकस्मिक मृत्यु पर अनुकंपा नियुक्ति समेत कार्यकर्ता के परिवार को पांच लाख एवं सहायिकाओं के परिवार को तीन लाख तत्काल दिया जाए। इसके साथ ही पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश की तरह कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के वेतन में प्रतिवर्ष एक हजार की बढ़ोतरी किया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच अनूपा कुशवाहा ने कहा कि अगर सरकार हमारी इन जायजा मांगो को नही मानती है तो मजबूरन भविष्य में हमे आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा।ज्ञापन सौंपने के दौरान परियोजना अध्यक्ष संतोषी एक्का समेत काफी संख्या में क्षेत्र से आये आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मौजूद थी।

पेज 1 के शेष...


काका लरंग साय की सादगी और ईमानदारी...

हुई है। उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व सादगी, संघर्ष और जनसेवा का प्रतीक है, जिससे जनप्रतिनिधियों को सदैव सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनी निकुंज, कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, जिपं सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित ओमप्रकाश जायसवाल, रामकिशुन सिंह, अनिल सिंह मेजर, शिवनाथ यादव, कमलभान सिंह, सिद्धनाथ पैकरा एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

हर क्षेत्र में विकास की नई संभावनाओं ...

से महिलाओं, किसानों, गरीब परिवारों और जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास से सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती गोमती साय, भरत सिंह सिसोदिया तथा प्रेमनगर स्थित कार्यक्रम स्थल पर विधायक भूलन सिंह मरावी, विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंदमणि पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजवाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सरगुजा आयुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर श्रीमती रेना जमील, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736





विधायक ने लुण्ड्रा में 3.68 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

अम्बिकापुर। जनपद पंचायत लुण्ड्रा क्षेत्र में बुधवार को 3 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से होने वाले दो विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत लमगांव में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र तथा ग्राम पंचायत डडगांव में डडगांव से दोरना तक सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत लमगांव में 32 लाख रुपये की लागत से नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। ग्राम पंचायत डडगांव में डडगांव से दोरना तक दो किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। इस कार्य की लागत 3 करोड़ 36 लाख रुपये निर्धारित है। सड़क निर्माण से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होने तथा ग्रामीणों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस दौरान देवनारायण यादव, जयंत मिंज, सतीश जायसवाल, राहुल चोपड़ा, लमगांव, दोरना एवं डडगांव के सरपंच, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166

